महत्वपूर्ण खबरें

कॉलेज में नेत्र जांच शिविर आयोजित

नीमकाथाना. राजकीय एसएनकेपी महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक दिविसीय नेत्र परिक्षण एवं देखभाल शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य हरिश कुमार ने वर्तमान जीवनशैली से आँखों को होने वाले नुकसान की जानकारी दी। प्रथम सत्र में राजकीय कपिल चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपेन्द्र कुमार एवं नेत्र सहायक नागरमल सैनी ने छात्र एवं छात्राओं की आंखों की जांच व विजिन चेक किया। शिविर में 175 विद्यार्थियों ने आंखें चेक करवाई। द्वितीय सत्र में डॉ. दीपेन्द्र कुमार ने आंखों से सम्बन्धित बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया एवं उनसे बचाव के उपाय भी बताए। कार्यक्रम का प्रभारी डॉ. प्रीति गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सदस्य डॉ.चन्द्रप्रभा, प्रो. मनिषा एवं डॉ. रेखा ने भाग लिया।

CS Scanned with CamScanner

H-I
रजिस्ट्रेशन

एस.एन.के.पी. राजकीय महाविद्यालय
नीमकाथाना, (सीकर)
महिला प्रकोष्ठ